प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 16.09.2024 समय: 2.10PM

**प्रधानमंत्री– गुजरात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरित विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। श्री मोदी ने आज गुजरात में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का भी लोकार्पण किया। श्री मोदी ने गांधीनगर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा– बाइट – 40 सेकंड उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ, भारत का हर घर बिजली उत्पादक बन जाएगा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। इस योजना के अंतर्गत 3 लाख से अधिक घरों में छत पर सौर पैनल लगाए गए हैं। उन्होंने युवाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त नौकरी और कौशल के अवसरों पर भी बल दिया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर के दिन से प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा अभियान" की भावना के साथ मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़े में कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस स्वच्छता पखवाड़े में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की ओर से जन भागीदारी के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान को आम जनता ने एक जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिडिया घरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी।

**गणेश विसर्जन**

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश भर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के तहत प्रतिमाओं के विसर्जन आज से शुरू हो गया हैं। भोपाल में गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस सतर्क है। सभी विसर्जन घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। गोताखोर और पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात होंगे। बड़ी मूर्तियों को क्रेन और छोटी को कुंड में विसर्जित किया जाएगा। वहीं, शहर में जुलूस रूट पर कुंड के अलावा स्टॉल भी लगेंगे। सतना जिले में विसर्जन स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

**मिलाद–उन–नबी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद मिलाद–उन–नबी के अवसर पर देश के नागरिकों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाईयां दी हैं। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन को मिलाद–उन–नबी के रूप में मनाया जाता है। अपने संदेश में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा है कि पैगम्बर ने सभी लोगों को प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत करने के लिए प्रेरित किया तथा समाज में समानता और सद्भाव पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलाद–उन–नबी के मौके पर सोशल मीडिया पोस्ट में आशा व्यक्त की है कि सद्भाव और एकजुटता हमेशा बनी रहेगी और चारों ओर खुशी और समृद्धि होगी। ईद–मिलाद–उन–नबी का त्योहार प्रदेश भर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**समाचार संक्षेप**

– राज्यपाल मंगुभाई पटेल प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों को कल राजभवन में शपथ ग्रहण कराएंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के सांदीपनि सभागार में दस बजे से होगा। □

– आगरमालवा नगर में फिल्टर प्लांट तथा सामुदायिक भवनों के लिए स्वीकृत दो करोड़ बीस लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन कल विधायक मधु गेहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। □

– शिवपुरी जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अलग–अलग विकासखंडों पर हर महीने दो दिन शिविर लगाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। □

– प्रदेश में पोषण माह मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में पोषक प्रबंधन विषय पर आगरमालवा में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वहीं रायसेन जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो में जागरूकता गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है। □

– ईद मिलाद–उन–नबी जुलूस एवं गणेश विसर्जन तथा झांकी चल समारोह में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए खंडवा में सुरक्षा सतर्कता बढ़ा दी गई है।

.........................